आरोप | आप ने विरोध प्रदर्शन कर गरीबों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की

नगर निगम में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद हावी

नवभारत, कटनी। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नगरीय क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं और गरीबों को आवासीय अधिकार देने की मांग को लेकर नगर निगम के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम के बाहर सड़क पर बैठकर आवागमन जाम कर दिया। धरना प्रदर्शन के दौरान नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने मांगों को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि शहर के कई वार्डों में पानी, नालियों की सफाई, सड़क, कचरा प्रबंधन और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं पूरी तरह चौपट हो गई हैं। नगर निगम की लापरवाही, भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के कारण हजारों गरीब और मजदूर परिवार आज भी बुनियादी सुविधाओं के आभाव में जिंदगी जीने को मजबूर हैं। ज्ञापन में बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र की कई झुग्गी बस्तियों में आज भी नियमित पानी की सप्लाई नही हो रही है, बस्तियों में पक्की सड़कें और नालियों का अभाव है। अधूरे शौचालय, अव्यवस्थित कचरा प्रबंधन, जिसके कारण गंदगी और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा कि दशकों से गरीब परिवार बिना मालिकाना हक के अस्थायी झुग्गियों में रहने को मजबूर हैं, जबकि सरकार की जहां झुग्गी वहीं मकान योजना अब तक जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाई है। आम आदमी पार्टी की की प्रमुख मांगें है कि बघिया टोला, मदन मोहन चौबे वार्ड सहित सभी पात्र गरीब परिवारों को तत्काल आवासीय पट्टे जारी किए जाएं। जहां झुग्गी वहीं मकान योजना को शहर में प्रभावी तरीके से लागू किया जाए। पानी, नालियां, कचरा प्रबंधन, सड़क, स्ट्रीट लाइट और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता से सुधारी जाएं। नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और अनियमितताओं की स्वतंत्र जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल सिंह सेंगर ने कहा नगर निगम और प्रशासन की निष्क्रियता से गरीबों की समस्याएं वर्षों से अनसुनी हो रही हैं। जनता को अब सहनशीलता नहीं, ठोस कार्रवाई चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आम आदमी पार्टी जनता के साथ मिलकर आंदोलन को और तेज करेगी। आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतर कर गरीबों की सुविधाओं, उनके हितों की रक्षा के लिए आंदोलन करेगी।

खरीदी केन्द्र में अव्यवस्था, किसान परेशान

बजारी स्थित प्रियदर्शनी खरीदी केन्द्र में अव्यवस्था हावी

नवभारत, कटनी। जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बंजारी स्थित प्रियदर्शनी विपणन केंद्र में धान खरीदी बदहाल व्यवस्था के बीच चल रही है। खरीदी केंद्र में अव्यवस्था हावी है जिसके कारण किसान परेशान होने के साथ ही आक्रोशित हैं। किसानों का आरोप है कि खरीदी प्रभारी केंद्र पर मौजूद नहीं रहते हैं, जिससे अव्यवस्थाएं बढ़ती जा रही हैं। धान की तौल के दौरान कचरा और धूल साफ करने के लिए पंखे तक की व्यवस्था नहीं है, जिससे सही तौल को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ी परेशानी यह है कि केंद्र पर किसानों के बैठने के लिए न तो छाया है और न ही अन्य बुनियादी सुविधाएं। घंटों लाइन में खड़े किसान धूप में इंतजार करने को मजबूर हैं। वहीं, धान की बोरी-टू-बोरी बार-बार पलटी जा रही है, जिससे धान खराब होने का भी खतरा बना हुआ है। किसानों का कहना है कि इतनी गंभीर अव्यवस्थाओं के बावजूद प्रशासन मौन साधे हुए है। न तो समय पर निरीक्षण हो रहा है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि केंद्र पर नियमित खरीदी प्रभारी की उपस्थिति कराई जाए। तौल व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए, छाया, बैठने और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाए, अव्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

एक नजर में

स्ट्रीट डॉग को बचाने के लिए दिए जा रहे बिछौना

नवभारत,कटनी। धीरे-धीरे ठंड पूरे शबाब पर आ रही है, ऐसे में हम और आप तो खुद को बचा लेंगे, लेकिन उन बेजुबान स्ट्रीट डॉग का क्या होगा, जो की बिना किसी शर्त के हमारी सुरक्षा में चौबीसों घंटे हमारे घर के आसपास मौजूद रहते हैं। हमारे घर से मिलने वाली दो रोटी और जरा सी पुचकार के बदले ये हमें हर समय आने वाले खतरे से आगाह करते हैं। ऐसे सभी स्ट्रीट डॉग को कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी ने शेरू नाम दिया है। शेरू को ठंड से बचाने के लिए सोसायटी ने वर्ष की तरह इस बार भी शेरू का बिछौना नामक अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान को लेकर चर्चा करते हुए सोसायटी अध्यक्ष टीनू सचदेवा और सचिव अखिलेश पुरवार, लक्षित सचदेवा ने कहा की पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी सोसायटी द्वारा मूक पशुओं स्ट्रीट डॉग्स के लिए ठंड से बचाव के लिए शेरू के बिछौना का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। ये वही वफादार स्ट्रीट डॉग्स हैं जो 24 घंटे हमारी गलियों की निःशुल्क चौकीदारी करते हैं और बदले में सिर्फ प्यार चाहते हैं। इस वर्ष भी कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए उन मूक जीवों के लिए यह बिछौना उपलब्ध कराया जा रहा है, जिनके पास रात में ठंड से बचने का कोई आसरा नहीं है। उन्होंने कहा कि जो भी पशु-प्रेमी अपने घर के बाहर शेरू का बिछौना रखना चाहते है, तो वे कृपया सोसायटी के सदस्यों से संपर्क कर जानकारी देकर अपने शेरू के लिए बिछौना प्राप्त कर सकते हैं। या फिर इस व्हाट्सअप नंबर पर जानकारी भेजें सकते हैं 9755205704 यह सेवा सोसायटी के सदस्यों द्वारा पूरी तरह निःशुल्क 2025 में भी जारी है। इस अभियान स्ट्रीट डॉग्स को ठंड में काफी राहत मिलेगी। संस्था के सदस्य घूम-घूमकर बिछौना उपलब्ध करा रहे हैं।

बाइक से गांजा लेकर जा रहे दो युवक गिरफ्तार

उमरियापान पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान की कार्रवाई

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान क्षेत्र में वाहन चैकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को गांजा सहित पकड़ा गया है। युवकों के पास से पुलिस ने दो किलो 280 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बाइक और मोबाइल को भी जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि 9 दिसंबर को ग्राम पकरिया यात्री प्रतीक्षालय के सामने वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल को रोका गया। बाइक सवारों से पूछताछ और तलाशी के दौरान एक बैग से पुलिस को गांजा मिला। गांजा करीब दो किलो 280 ग्राम है। पुलिस ने गांजा जब्त कर लिया है। गांजा रखने के आरोप में पकड़े गए युवक जबलपुर जिले के खितौली निवासी कार्तिक उर्फ दीपक मल्लाह और सतना जिले के जैतवारा थाना क्षेत्र के बैरहना गांव निवासी दयाराम डोहर हैं। कार्रवाई में उमरियापान थाना प्रभारी एसआई दिनेश तिवारी, प्रधान आरक्षक आशीष झारिया, अजय सिंह, आरक्षक योगेश पटेल, मनोज कुम्हरे, रोहित झारिया और सतेन्द्र चौरसिया की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई है।

उपयंत्री अपने वार्डों का भ्रमण कर अवैध कॉलोनाइजरों पर करें कार्रवाई

नगर निगम आयुक्त ने बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

नवभारत, कटनी। नगर निगम आयुक्त आईएएस तपस्या परिहार ने बैठक में विभागीय गतिविधियों और विभिन्न योजनाओं सहित समय-सीमा के चिन्हित प्रकरणों, शिकायतों की समीक्षा की। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि आगामी 13 दिसंबर को नगर निगम द्वारा आयोजित की जाने वाली लोक अदालत का अधिक से अधिक करदाताओं को लाभ प्राप्त हो इसके लिए बैनर, पोस्टर, मुनादी, समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाए। नागरिकों की सुविधा और वसूली कार्य को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त ने आगामी दो दिन में शत-प्रतिशत बिलों का वितरण कार्य पूरा करते हुए बकाया करों की वसूली कार्य करने के लिए निर्देश दिए। निगमायुक्त ने बैठक के दौरान उपयंत्रियों को अपने प्रभार वाले वार्ड में प्रतिदिन भ्रमण करते हुए अवैध कालोनी से संबंधित शिकायत पाए जाने पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को वार्डों में अवैध रूप से संचालित हो रहे मैरिज गार्डन पर नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित करने के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से होटल संचालक, मॉल, स्कूल, हॉस्पिटल, बडी बिल्डिंगों की भी जांच कर उनके द्वारा नियमानुसार फायर सेफ्टी एनओसी नहीं लिए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। नगर निगम कार्यालय और जोन कार्यालयों से माध्यम से कराए जा रहे आधार से समग्र के ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान छूटे नागरिकों की ई-केवाईसी कराने के कार्य के साथ ही डुप्लीकेट आईडी के डिलीशन की कार्रवाई में गति लाने के लिए निर्देश दिए। निगमायुक्त द्वारा निगम के विभिन्न विभागों राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल प्रदाय विभाग, अतिक्रमण शाखा, कालोनी सेल, स्थापना शाखा, न्यायालयीन प्रकरण से संबंधित शिकायतों के समय-सीमा के लिए चिन्हित शिकायती प्रकरणों की समीक्षा कर निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त शैलेष गुप्ता, प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे, अंशुमान सिंह, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटा ट्रक, क्षतिग्रस्त हुईं तीन बाइकें

विलायत कला-स्लीमनाबाद रोड पर हुआ हादसा

नवभारत, कटनी। जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। विलायत कला-स्लीमनाबाद मार्ग पर रेत से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ट्रक की चपेट में आकर पास में खड़ी तीन मोटरसाइकिलें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। ट्रक चंदिया से सिहोरा की ओर रेत लेकर जा रहा था। रास्ते में सामने से आ रही एक अन्य गाड़ी को साइड देने की प्रयास में ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया। भारी रेत से लदा होने के कारण ट्रक अचानक बेकाबू होकर किनारे पलट गया। हादसे की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी केके पटेल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सबसे पहले यातायात को सुचारू किया गया, इसके बाद पलटे हुए ट्रक के आसपास राहत कार्य शुरू किया गया।

बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि दुर्घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। ट्रक के पलटने से किनारे खड़ी तीन मोटर साइकिल उसकी चपेट में आ गई। ट्रक के नीचे दबने से तीनों मोटर साइकिलें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि जिन वाहन मालिकों की मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हुई हैं, शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

डेढ़ लाख से अधिक की देशी-अंग्रेजी शराब जब्त

ऑपरेशन शिकंजा के तहत जिले में की गई कार्रवाई

नवभारत, कटनी। जिले में चलाया जा रहे ऑपरेशन शिकंजा के तहत शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि जिले के थाना क्षेत्रों में एक साथ की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने अवैध देशी-विदेशी शराब की बिक्री, निर्माण और परिवहन में शामिल आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने अवैध शराब, कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण और सामग्री जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के दौरान 86 प्रकरण दर्ज किए हैं, 86 आरोपियों को गिरफ्तार किए गए हैं। 225 लीटर अवैध देशी शराब, 116 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 1 लाख 60 हजार 895 रूपए आंकी गई है। पुलिस का कहना है कि शराब का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

समय पर एसआईआर कार्य पूरा करने पर सम्मान

नवभारत, उमरियापान। जिले के ढीमरखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायत मंगेली अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 173 मंगेली, 172 जमुनिया, 175 बिछिया के बीएलओ शिक्षक सूर्यकांत त्रिपाठी, अशोक तिवारी, रोजगार सहायक सचिव अंकित पांडेय को मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण कार्य 2025-26 समय पर पूरा कार्य करने पर ग्राम पंचायत मंगेली सभागार में जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता संतोष दुबे द्वारा पेन डायरी भेट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सरपंच संजय दाहिया, उप सरपंच विराट पांडेय, महेंद्र सिंह राजपूत सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शहर की सड़कों से हटाई जाएगी वाहनों की सेंट्रल पार्किंग व्यवस्था

टीआई और व्यापारियों की बीच हुई बैठक में बनी सहमति

नवभारत, कटनी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में सुभाष चौक से रेलवे स्टेशन तक वर्तमान सेंट्रल पार्किंग व्यवस्था को हटाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में यातायात प्रभारी राहुल पांडेय, व्यापारी संघ के अध्यक्ष और संघ के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान क्षेत्र में यातायात को अधिक सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से सेंट्रल पार्किंग हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। सभी व्यापारियों द्वारा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अपनी सहमति दी गई। पार्किंग के नई वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था बनाई गई है। जिसमें विश्वकर्मा पार्क में चार पहिया वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था बनाई जा रही है। रामलीला मैदान में दोपहिया और चारपहिया दोनों प्रकार के वाहनों की पार्किंग की जाएगी। कटनी रेलवे स्टेशन के पास स्थित शॉपिंग कंप्लेक्स के सामने दोपहिया वाहनों की उचित और अनुशासित पार्किंग की जाएगी।

पुलिस प्रशासन ने बताया कि नई पार्किंग व्यवस्था लागू होने से यातायात दबाव में कमी आएगी, सड़क पर अनावश्यक भीड़ समाप्त होगी और आमजन, व्यापारियों को बेहतर, सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। पुलिस ने नागरिकों से सहयोग करने के लिए कहा है। पुलिस ने कहा कि नगर में यातायात व्यवस्था को और अधिक आधुनिक और सुचारू बनाने के लिए ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक | जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक , कलेक्टर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

ओवरलोड वाहनों पर की जाए कार्रवाई, ई-रिक्शा ऑटो चालकों का करें सत्यापन

नवभारत, कटनी। जिले में नशे के अवैध कारोबार, ओवरलोडेड वाहनों पर कार्रवाई, असुरक्षित यातायात व्यवस्था को रोकने के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकॉर्ड और सड़क सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्कूल-कॉलेजों के 100 मीटर दायरे से नशीली वस्तुओं की दुकानों को हटाने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लाइसेंस निरस्त करने, मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच से लेकर ओवरलोडेड डंपरों पर संयुक्त कार्रवाई करने के निर्णय लिए गए। युवाओं को नशे से बचाने, यातायात सुधारने और सार्वजनिक सुरक्षा तय करने के लिए विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने आरटीओ, ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त भागीदारी से अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में स्कूल कॉलेजों में नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाने, जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकने के लिए सघन जांच करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इस दौरान बैठक से अनुपस्थित ड्रग इंस्पेक्टर मनीषा धुर्वे की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने इनके 2 दिन का वेतन काटने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। कलेक्टर ने कहा कि युवा पीढ़ी को खोखला करने के षड्यंत्र में लगे तत्वों के विरुद्ध ठोस, कारगर कार्रवाई करने के लिए पुख्ता सूचना तंत्र हो ताकि नशे के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरुद्ध ठोस, प्रभावी कार्रवाई की जा सके। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में माइनिंग विभाग, आरटीओ द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर ओवरलोडेड वाहनों पर कार्रवाई करने, ई-रिक्शा, ऑटो चालकों का सत्यापन व उनके वाहनों का परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने जबलपुर की तर्ज पर मुड़वारा, कटनी जंक्शन रेलवे स्टेशनों पर प्रीपेड बूथ की योजना पर अमल करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि जिले में संचालित सभी फैक्ट्रियों में नो हेलमेट-नो अटेंडेंस का नियम लागू हो। इस पर कलेक्टर ने महाप्रबंधक उद्योग को फैक्ट्री संचालकों से चर्चा करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग पीरबाबा बाईपास से अतिक्रमण हटाकर सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने पर कलेक्टर ने नगर निगम, यातायात पुलिस की सराहना की। इस दौरान आशीष तरियाल मैनेजर एनएचएआई, मनीष साहू मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी सहित अन्य की मौजूदगी रही।

सिंगौड़ी के गोदाम से तीन हजार 578 बोरी धान जब्त

नवभारत, कटनी। जिले में समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी के बीच अनुचित लाभ लेने की मंशा रखने वालों के खिलाफ कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा गठित संयुक्त जांच दल लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को विजयराघवगढ़ तहसील के तहसीलदार आशीष चतुर्वेदी और पटवारी मनोज पांडेय ने ग्राम सिंगौड़ी निवासी विजय गुप्ता के गोदाम से 3 हजार 568 बोरी धान जब्त की गई। गोदाम के स्टॉक का भौतिक सत्यापन के दौरान गोदाम में 3 हजार 188 बोरी और 380 बोरी पुरानी खराब अंकुरित धान पाई गई। धान को जब्त करने के बाद गोदाम मालिक विजय गुप्ता की सुपुर्दगी में देकर निर्देशित किया कि बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के धान का परिवहन और विक्रय नहीं करें। गोदाम मालिक से धान के वैध दस्तावेज और अभिलेखों की मांग की गई है। गोदाम मालिक को 20 जनवरी तक भंडारित धान के निकासी पर रोक लगाने के लिए कहा है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024